Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need to curb fraudulent mobile app loan.-Laid

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): मैं सरकार का ध्यान देशभर में मोबाईल ऐप के माध्यम से हो रही धोखाधड़ी की ओर आकर्षित करना चाहूगां कि प्रतिवर्ष लाखों लोग ऐप के माध्यम से लोन लेकर धोखाधड़ी का शिकार हो रहे है । पीड़ित लोगों में से अधिकतर ऐसे लोग हैं जिन्हें मात्र 2-3 हजार से लेकर 50,000/- रुपये तक की आवश्यकता होती है एवं जिनके पास बैंक से लोन लेने के लिए दस्तावेज अधूरे होते है । इन मोबाईल ऐप्स के द्वारा सारा डाटा एक्सेस कर इनका इस्तेमाल वसूली व धमकाने में किया जा रहा है । कई बार तो जब लोन चुकाए जाते है तब एपलिकेशन ही गायब हो जाता है । इस सम्बन्ध में रिजर्व बैंक द्वारा एप्स के माध्यम से लोन नहीं लेने के विज्ञापन जारी किये जाते है और प्ले स्टोर से सैकड़ों ऐसे ऐप्स को डिलिट भी किया जाता है, लेकिन आज भी बहुत ऐसे एप्स प्ले स्टोर पर मौजूद है जिनका विज्ञापन भी ओटीटी सीरीज के बीच बिना पूर्वानुमति के दिखाया जा रहा है । मेरा वित्त मंत्री, आई.टी. **और** सूचना प्रसारण मंत्री जी से अनुरोध है कि ऐसे एप्स पर तुरन्त लगाम लगानी चाहिए और रिजर्व बैंक में रजिस्ट्रेशन या आई.टी विभाग की पूर्वानुमति के बाद ही इनको प्ले स्टोर में रजिस्टर्ड करने की अनुमति दी जानी चाहिए।